Patra (Odisha) and Shri A. A. Rahim (Kerala).

Now, Shrimati Seema Dwivedi on 'Demand for stoppage of Train Nos. 12355 and 12356 (Patna-Jammu) at Mungra Badshahpur Railway Station in Jaunpur, Uttar Pradesh.'

Demand for stoppage of Train Nos. 12355 and 12356 (Patna-Jammu) at Mungra Badshahpur Railway Station in Jaunpur, Uttar Pradesh

श्रीमती सीमा द्विवेदी (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, आज मैं आपके माध्यम से जनहित के एक मुद्दे को सदन में रखना चाहती हूँ। पटना से जम्मू जाने वाली ट्रेन संख्या 12355 'नीलांचल एक्सप्रेस' तथा जम्मू से पटना आने वाली ट्रेन संख्या 12356 मुंगरा बादशाहपुर रेलवे स्टेशन से ही गुजरती है, लेकिन वहाँ पर उसका ठहराव नहीं है। वहाँ भारी संख्या में तीर्थ यात्री 'माता वैष्णो देवी' के दर्शन करने जाना चाहते हैं, सबकी आस्था जुड़ी हुई है, परंतु ट्रेन का ठहराव न होने के कारण श्रद्धालुओं को बड़ी निराशा होती है। पूर्व में इसके लिए बार-बार प्रयास करने के बाद भी सफलता नहीं प्राप्त हो सकी। आज परम श्रद्धेय माननीय मोदी जी की सरकार ने ट्रेनों को प्रत्येक बहुसंख्यक जिले में चलाए जाने का जो प्रयास किया है, जो निर्णय लिया है, वह बहुत सराहनीय है। रेलवे की समय प्रतिबद्धता, सुरक्षा की भरपूर सुविधाओं से रेल यात्रियों का उत्साहवर्धन हुआ है और विश्वास भी जगा है।

महोदय, पब्लिक को यह पूरा यकीन है कि सरकार जहाँ 'वंदे भारत' जैसी प्रीमियम गाड़ियों को चला कर हर जिलों को जोड़ने का काम कर रही है, वहीं मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहती हूँ कि जनहित में उक्त ट्रेन, यानी 'नीलांचल एक्सप्रेस' का 2 मिनट के लिए ठहराव मुंगरा बादशाहपुर स्टेशन पर करने की कृपा करें ताकि भारी संख्या में श्रद्धालु 'माता वैष्णो देवी' के दर्शन कर सकें। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहती हूँ कि वह इस जनहित के प्रकरण का संज्ञान लेकर उक्त ट्रेन के ठहराव को सुनिश्चित करने की कृपा करे, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by hon. Member, Shrimati Seema Dwivedi: Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Ms. Kavita Patidar (Madhya Pradesh), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh) and Dr. Kalpana Saini (Uttarakhand).

Now, Shri Raghav Chadha on 'Need to tap India's potential in the field of Artificial Intelligence.'

Need to tap India's potential in the field of Artificial Intelligence (AI)

श्री राघव चड्ढा (पंजाब) : सर, आज मैं जिस विषय पर बात करने के लिए खड़ा हुआ हूँ, वह आज के भारत से कहीं ज्यादा आने वाले कल के भारत के लिए जरूरी है। मैं Artificial